प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 14.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

............................

- देश में मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में राजस्थान पहले स्थान पर–नीलाम खनिज ब्लॉको को जल्द परिचालन में लाया जाएगा।
- राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में आज कई महत्वपूर्ण निर्णय होने की संभावना।
- एक्सियोम–4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य की वापसी आज शुरू होगी।
- सावन के पहले सोमवार पर आज प्रदेशभर के शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना–शिवभक्तों का तांता लगा हुआ है।
- प्रदेशभर में पिछले 24 घंटों में कई स्थानो पर हल्की से मध्यम तो कहीं–कहीं भारी बारिश हुई–आज जयपुर, भरतपुर, बीकानेर और जोधपुर संभाग में तेज बारिश की संभावना।

00000

देश में मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में राजस्थान पहले स्थान पर है। खान, भूविज्ञान और पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि अब इन ब्लॉकों के जल्द परिचालन के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। आगामी 16 जुलाई को खनिज ब्लॉकों के परिचालन के लिए खान, राजस्व, वन–पर्यावरण, आईबीएम, स्टेट एनवायरमेंट इम्पेक्ट एसेसमेंट अथारिटी और स्टेक होल्डर्स जयपुर में मंथन करेंगे। ये बैठक आवश्यक अनुमतियां समय पर मिल पाने के उद्देश्य से करायी जा रही है। श्री रविकांत ने बताया कि नीलाम खनिज ब्लॉकों को परिचालन में लाने में वन भूमि के डायवर्जन, चारागाह भूमि का परिवर्तन, पर्यावरण क्लीयरेंस, माइनिंग प्लान स्वीकृति जैसी अनुमतियों को प्राप्त करने में अनावश्यक देरी से होने से खनन कार्य शुरु नहीं हो पाता है। इससे निवेश, रोजगार और राजस्व प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि साझा मंच में स्टेक होल्डर्स के साथ ही संबंधित विभागों के शीर्ष अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

............................

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आज प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय होने की संभावना है। मुख्यमंत्री कार्यालय में 12 बजे मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मंत्रीपरिषद की बैठक बुलाई गई है। बैठक में कई विभागों के कर्मचारियों के सेवानियमों के संशोधन, भूमि आंवटन और ऊर्जा क्षेत्र से जुडे प्रस्तावों पर मोहर लगने के आसार है।

............................

एक्सियोम–4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य की वापसी आज शुरू होगी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि वापसी यात्रा भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे से शुरू होगी और मिशन के सदस्य कल लगभग तीन बजे धरती पर पंहुच जायेंगे। पहुंचने के बाद शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य सदस्यों को फ्लाइट सर्जनों के निरीक्षण में सात दिन के पुनर्वास में रखा जाएगा ताकि वे वापस धरती के गुरुत्वाकर्षण में समायोजित हो सके। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 14 दिन के मिशन पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र में हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र पहुंचने वाले वे पहले भारतीय और अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष केन्द्र में भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा विकसित सात प्रयोग किए।

............................

देश में इस साल अमरनाथ यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दो लाख से अधिक हो गई है। कल श्री अमरनाथ गुफा में 17 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन हिम शिवलिंग के दर्शन किए। अब तक कुल दो लाख 63 हजार यात्री अमरनाथ गुफा के दर्शन कर चुके हैं।

............................

राज्य सरकार के देवस्थान विभाग की ओर से संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना–2025 के तहत आज अजमेर के मदार रेलवे स्टेशन से विशेष वातानुकूलित ट्रेन रामेश्वरम के लिए रवाना होगी।
देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गिरीश कुमार बचानी ने बताया कि इसमें अजमेर संभाग के सात सौ अस्सी यात्रियों को रामेश्वरम की यात्रा के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत इस साल 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालु लाभान्वित होंगे।

..............................

सावन के पहले सोमवार पर आज प्रदेशभर के शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। विभिन्न स्थानों से कांविडयों की टोलियां पवित्र स्थलों से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक कर रही हैं। राजधानी जयपुर के झारखंड महादेव और ताडकेश्वर मंदिर में अल सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना जारी है। भक्त बेलपत्र, धतूरा, गंगाजल, दूध, दही और पंचामृत से भगवान शिवजी की पजा कर रहे है। बाड़मेर ज़िले के हरपालिया स्थित हरपालेश्वर महादेव मंदिर, चौहटन के कपालेश्वर महादेव मंदिर, जसदेर धाम और सफेद आकड़ा के शिव मंदिरों में शिव भक्तों का तांता लगा हुआ है। पाली के सोमनाथ मंदिर में भगवान महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया है। आज शहर के मुख्य मार्गों से महादेव की सवारी निकाली जाएगी। जिले के परशुराम महादेव मंदिर में आज से मेला शुरू हो गया है। बालोतरा के सिवाना के छप्पन की पहाड़ियों में स्थित प्राचीन हल्देश्वर महादेव मंदिर में भी विशेष कार्यक्रम हो रहे है। उधर सवाईमाधोपुर के शिवाड स्थित घुश्मेश्वर महादेव मंदिर में भक्ति की रौनक छाई हुई है।

..............................

प्रदेशभर में मॉनसून की सक्रियता से विभिन्न स्थानो पर हल्की से मध्यम तो कहीं–कहीं भारी बारिश हुई है। पिछले 24 घंटों में 18 शहरों में भारी बारिश दर्ज की गयी। राजधानी जयपुर में आज सुबह से मौसम सुहावना बना हुआ है। कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। **पाली में** तेज बारिश से निचली बस्तियों और कॉलोनियों में पानी भर गया। पाली के सभी निजी विद्यालयों ने आज का अवकाश घोषित किया है। **बारां** में भारी बारिश से नदी नाले उफान पर है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कुछ स्थानों पर तेज बारिश में फंसे कई लोगों को प्रशासन की मदद से रेस्क्यू किया गया।

..............................

कोटा, बूंदी, झालावाड़, टोंक, भीलवाड़ा, अजमेर, जोधपुर, बांसवाड़ा में तेज बरसात से शहरी इलाकों में पानी जमा हो गया। अजमेर में हुई बारिश से रेल्वे स्टेशन पर पानी भर गया। बूंदी में रूक रूक कर तेज बारिश होने से शहर के विभिन्न स्थानों पर जलभराव हो गया। बरसात से प्रदेश के जलाशयों में पानी की अच्छी आवक देखी जा रही है। बीसलपुर बांध के जलग्रहण क्षेत्र में लगातार हो रही तेज बारिश के कारण बांध में पिछले 24 घंटों में जलस्तर में 3 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है। भरतपुर जिले के बयाना स्थित डांग क्षेत्र में अच्छी बारिश होने से 29 फ़ीट क्षमता वाले बांध बारैठा का गेज 27 फ़ीट हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। वहीं आज और कल जोधपुर संभाग के कुछ भागों में भारी से अतिभारी बारिश और कहीं कहीं अत्यंत भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।

..............................